सं. 19039/03/2017-ई.IV
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 2017

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें लागू किया जाना - वाहन भत्ता।**

सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें स्वीकार कर लिए जाने के परिणामस्वरूप और इस विभाग के 23 सितम्बर, 2008 के कार्यालय ज्ञापन सं.19039/02/2008-ई.IV का अधिक्रमण करते हुए, राष्ट्रपति, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एसआर-25 के तहत स्वीकार्य नियत वाहन भत्ते की दरें निम्नलिखित प्रकार से पुनरीक्षित करते हैं:

(रुपए प्रतिमाह)

| **सरकारी ड्यूटी पर औसत मासिक यात्रा** | **स्वयं की मोटर कार से यात्रा के लिए** | **अन्य प्रकार के वाहनों से की गई यात्रा के लिए** |
|---|---|---|
| 201-300 कि.मी. | 1680 | 556 |
| 301-450 कि.मी. | 2520 | 720 |
| 451-600 कि.मी. | 2980 | 960 |
| 601-800 कि.मी. | 3646 | 1126 |
| >800 कि.मी. | 4500 | 1276 |

2 पुनरीक्षित वेतन संरचना में देय महंगाई भत्ता जब बढ़कर 50% हो जाएगा, इन दरों में स्वतः 25% की वृद्धि हो जाएगी।

3 एसआर-25 में उल्लिखित शर्तें और प्रावधान लागू रहेंगे।

4 **ये आदेश 01 जुलाई, 2017 से लागू हैं।**

5 जहां तक भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग में सेवारत कर्मचारियों का संबंध है, ये आदेश भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की सहमति से जारी किए गए हैं।

**(ऐनी जॉर्ज मैथ्यू)**
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

सेवा में

**भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)।**

**प्रतिलिपि: नियंत्रक महालेखापरीक्षक और संघ लोक सेवा आयोग आदि (मानक पृष्ठांकन सूची के अनुसार)।**